Title: Requested the Minister of Agriculture and the Minister of Commerce and Industry to lift the ban on the export of onions and to fix a support price of Rs. 700 per qunital for onions.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, प्याज के निर्यात पर पाबन्दी लगाने से किसान को प्याज का दाम प्रति क्विन्टल दो सौ से तीन सौ रुपये मिलता है। इसमें उनका लागत खर्च भी नहीं निकलता है, जिसके कारण किसान आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर हो गये हैं और उनमें एक विद्रोह की भावना पैदा होती जा रही है। प्याज को आवश्यक वस्तुओं की सूची में डाल दिया गया है, लेकिन उसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा सपोर्ट प्राइस नहीं दिया गया है। मेरी आपके माध्यम से केन्द्रीय कृषि मंत्री जी और वाणिज्य मंत्री जी से विनती है कि जल्दी से जल्दी प्याज के निर्यात पर लगी पाबन्दी को उठाया जाए और प्याज का सपोर्ट प्राइस प्रति क्विन्टल सात सौ रुपये किया जाए, यही मेरी विनती है। धन्यवाद।